हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 9 अप्रैल 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 गौरव का दिन है कि वरिष्ठ नागरिक संस्था के 30 वर्ष...



07 ललितपुर-कैलगुंवा रोड पर निर्माण को लेकर...



## खबर संक्षेप में

### प्रति मंगलवार को होगी जनसुनवाई

**नलखेड़ा।** जिले के विद्युत उपभोक्ताओं की विद्युत समस्याओं के निराकरण हेतु प्रति मंगलवार को सभी विद्युत वितरण केन्द्र एवं झोन कार्यालयों पर जनसुनवाई का आयोजन होगा। अधीक्षण यंत्री, विद्युत विभाग रत्नेश अयाची ने बताया कि जिले के विद्युत उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु अब से प्रति मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाएगी।

### आज आएंगे मंत्री उदय प्रताप सिंह

**नलखेड़।** परिवहन एवं स्कूल शिक्षा विभाग मंत्री उदय प्रताप सिंह का गुरुवार को आगर मालवा जिले में दौरा प्रस्तावित है। जारी कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री सिंह दोपहर 3:30 बजे नलखेड़ा पहुंचेंगे और निर्धारित कार्यक्रमों में भाग लेने के पश्चात सायं 4:00 बजे नलखेड़ा से प्रस्थान करेंगे।

### 10 अप्रैल से 05 मई तक समर्थन मूल्य पर गेहूं की होगी खरीदी

**नलखेड़ा।** मध्यप्रदेश शासन, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग भोपाल द्वारा जारी उपार्जन नीति के अनुसार रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी का कार्य आगर जिले में 10 अप्रैल से 05 मई तक किया जाएगा। जारी आदेश के अनुसार समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु तहसील नलखेड़ा अन्तर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था बड़ागांव खरीदी स्थल श्रीजी वेयरहाउस बड़ागांव, प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था नलखेड़ा समिति स्तरीय मंडी प्रांगण नलखेड़ा, विपणन सहकारी संस्था नलखेड़ा-1 खरीदी स्थल मार्केटिंग गोदाम नलखेड़ा, श्याम स्व-सहायत समूह धंधेड़ा खरीदी स्थल समिति स्तरीय, श्री महाँकाल स्व-सहायता समूह सूईगांव खरीदी स्थल समिति स्तरीय, सांईराम स्व-सहायता समूह सूईगांव खरीदी स्थल समिति स्तर पर, अम्बेमाता स्व-सहायता समूह भैंसोदा खरीदी स्थल समिति स्तरीय भैंसोदा, जय माँ लक्ष्मी स्व-सहायता समूह लसुल्डिया गोपाल खरीदी स्थल पाटीदार वेयर हाउस पचलाना, विपणन सहकारी संस्था नलखेड़ा-2 खरीदी स्थल मित्तल वेयर हाउस नलखेड़ा को खरीदी केन्द्र बनाया है।

### 95 बालिकाओं को लगाई गई एचपीवी की वैक्सीन

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (HPV) टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में भी कार्यक्रम के तहत वैक्सीन लगाई जा रही है।

## मां विजयासन धाम सलकनपुर के जंगलों में वन्य प्राणियों का लगातार बढ़ रहा मूवमेंट, सावधान रहने की हिदायत जारी

# पहाड़ी पर बाघ की दहशत: दुकानदारों ने जारी किया 'अलर्ट', श्रद्धालुओं से अकेले नहीं घूमने की अपील

वाट्सग्रुप पर दुकानदारों की अपील, बोले- दुकानें बंद करने के बाद 6-7 दुकानदार एक साथ निकले

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रसिद्ध देवी धाम मां विजयासन धाम सलकनपुर इन दिनों वन्य प्राणियों की हलचल के चलते चर्चा में है। मंदिर के पहाड़ी क्षेत्र और रास्तों पर पिछले कुछ दिनों से बाघ की सक्रियता देखी जा रही है, जिससे स्थानीय दुकानदार और श्रद्धालुओं में भय का माहौल है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दुकानदारों ने सावधानी बरतते हुए रात के समय विशेष सतर्कता बरतने की अपील जारी की है।

बता दें मंदिर परिसर में लगभग 200 दुकानें संचालित होती हैं। आमतौर पर यहां रात 9 बजे तक रौनक रहती है, लेकिन बाघ की आहट के बाद अब दुकानदार रात 8 बजे से ही अपनी दुकानें समेटना शुरू कर देते हैं। दुकानदार अरविंद मालवीय ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में अलग-अलग समय पर दो से तीन व्यापारियों को बाघ नजर आ चुका है।

### व्हाट्सएप ग्रुप पर अपील

व्यापारियों ने अपने व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से एक-दूसरे को सचेत किया है। मैसेज में स्पष्ट कहा गया है कि कोई भी दुकानदार दुकान बंद करने के बाद अकेला नीचे न उतरे। सुरक्षा की दृष्टि से



6-7 दुकानदार अपनी बाइकों के साथ एक समूह बनाकर निकल रहे हैं, ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके।

### सेल्फी के चक्कर में जान को जोखिम में नहीं डालें आमजन

श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए दुकानदारों ने उनसे भी विशेष अपील की है। व्यापारियों का कहना है कि शाम ढलने के बाद श्रद्धालु मंदिर परिसर या रास्तों पर अकेले न घूमें। विशेषकर एकांत जगहों पर सेल्फी लेने के मोह में न पड़ें, क्योंकि अंधेरे और झाडियों का फायदा उठाकर जंगली जानवर हमला कर सकते हैं। श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया है कि वे कोशिश करें कि रात 8 बजे से पहले ही मंदिर दर्शन कर सुरक्षित स्थानों की ओर प्रस्थान कर जाएं।

### भालू के बाद अब बाघ की दस्तक

यह पहली बार नहीं है जब सलकनपुर मंदिर क्षेत्र में वन्य प्राणी देखे गए हों। इससे पहले भी सोशल मीडिया पर एक वीडियो जमकर वायरल हुआ था, जिसमें भालू का एक परिवार रात के समय दुकानों के बाहर बैठा नजर आ रहा था। कभी-कभी दो से तीन भालू एक साथ परिसर में घूमते देखे जाते हैं। अब बाघ की सक्रियता ने इस चिंता को और बड़ा दिया है।



### बाघ की हलचल का कारण

स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि सलकनपुर एक सघन वन क्षेत्र रहा है। पहले जंगल बहुत घना था, जिससे जानवर अंदरूनी हिस्सों में ही रहते थे। दुकानदार कहते हैं जंगली क्षेत्र होने के कारण यहां जानवर हमेशा से रहे हैं, लेकिन अब वन क्षेत्र में मानवीय दखल बढने या पेड़ों की स्थिति बदलने से माहौल खुला-खुला हो गया है। इसके अलावा गर्मी बढने के कारण वन्य प्राणी पानी की तलाश में पहाड़ी के रास्तों और रिहायशी हिस्सों की ओर आ रहे हैं।

# एसपी ने सुनी आमजन की समस्याएं प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश



**सीहोर।** आमजन की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सीहोर में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए शिकायतकर्ताओं से सीधा संवाद किया।

प्रत्येक मंगलवार को होने वाली इस जनसुनवाई में एसपी श्री शुक्ला ने एक-एक कर सभी आवेदकों की समस्याओं को विस्तार से सुना। जनसुनवाई में कुल 16 शिकायतकर्ता उपस्थित हुए, जिन्होंने अपनी विभिन्न समस्याओं और शिकायतों से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया।

प्राप्त शिकायतों की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस अधीक्षक ने प्राथमिकता से कार्यवाही हेतु संबंधित थाना प्रभारियों और राजपत्रित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

### कलेक्टर ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के. ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 66 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई।

जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।





# विश्व के 108 देशों में गूंजेगा महामंत्र नवकार आज

**नलखेड़ा में भी होगा आयोजन, जैन आराधना भवन में बनाई गई गहूली**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

विश्व नवकार महामंत्र दिवस के उपलक्ष में जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जीतो) के आह्वान पर आज एक वैश्विक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विश्व में शांति और सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार करना है जिसमें भारत सहित विश्व के 108 देश के 6000 से अधिक स्थानों पर एक साथ निर्धारित समय में एक स्वर में नमस्कार महामंत्र का सामूहिक जाप किया जाएगा। नगर में भी इस आयोजन को लेकर जैन आराधना भवन में समाज की महिलाओं द्वारा गहूली बनाई गई है जहां पर आज प्रातः 8 से 9 बजे तक नमस्कार महामंत्र का सामूहिक जाप किया जाएगा। जिसमें सभी धर्म प्रेमी श्रावक श्राविकाओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर विश्व शांति और प्राणी मात्र के कल्याण हेतु नवकार महामंत्र जाप के इस पवित्र आयोजन में सहभागिता करने हेतु सकल जैन श्री संघ से आह्वान किया गया है। यहां सामूहिक जाप केवल आध्यात्मिक उन्नति का माध्यम बनेगा बल्कि विश्व शांति और प्राणी मात्र के कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा जो अनुमोदनीय होकर सभी के लिए अनुकरणीय होगा। इस आयोजन को लेकर समाज के युवाओं में जहां उत्साह है वही समाज की मीनल सकलेचा साक्षी सकलेचा, नेहा सकलेचा द्वारा सुंदर गहूली बनाई गई है।





### बाल विवाह रोकने के हेल्पलाइन जारी

**सीहोर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के वन स्टॉप सेंटर द्वारा सीहोर के वार्ड क्रमांक 25 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर बाल विवाह रोकथाम के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक निधि शर्मा द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को बाल विवाह की रोकथाम के लिए संचालित कन्ट्रोल रूम के बारे में जानकारी दी और बाल विवाह की रोकथाम के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि यदि कहीं बाल विवाह होता दिखे तो चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181 व पुलिस आपातकालीन सेवा 112 पर तुरंत दें।

# पुलिस बैंड ने दी मां के दरबार में प्रस्तुति



**नलखेड़ा।** इंदौर पुलिस लाइन से विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी के दरबार में पहुंचे पुलिस बैंड के दल द्वारा माता रानी के दरबार में भजनों की प्रस्तुति दी गई। दल का माता रानी की चुनर ओढ़ाकर स्वागत किया गया। मंगलवार रात्रि 8 बजे इंदौर पुलिस लाइन से पुलिस बैंड का एक 17 सदस्यी दल माँ बगलामुखी मंदिर पहुंचा। दल द्वारा दर्शन उपरांत माता रानी के दरबार में बैंड की धुन पर भजनों की प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही हनुमान चालीसा की भी प्रस्तुति दी गई। लगभग आधा घंटे से अधिक समय की इस प्रस्तुति के दौरान बड़ी संख्या में भक्त मंदिर परिसर में उपस्थित रहे। भजनों की प्रस्तुति के उपरांत मंदिर के मुख्य पुजारी भारत गुरु एवं भक्तगण बलराम जाधव, अनुज ठाकुर, दीपक दुधेला, पवन कुंभकार, ललित सोनी आदि द्वारा दल के सदस्यों का माता रानी की चुनर ओढ़ाकर स्वागत किया गया।



## पुलिस एक्शन: 5 केस दर्ज, एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेस कर किया खुलासा

# एक जमीन, 11 शिकार, दंपति ने डेढ़ करोड़ ठगे, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर में जमीन खरीदने का सपना देखने वाले लोगों के साथ बड़ा खेल हो गया। एक ही कृषि भूमि को कई लोगों को बेचकर पति-पत्नी ने ऐसा ठगी का जाल बिछाया, जिसमें करीब डेढ़ करोड़ रुपये की रकम हड़प ली गई। अब इस पूरे मामले में पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए आरोपियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि थाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नोनीखेड़ी में रहने वाले दीनदयाल शर्मा और उनकी पत्नी वैशाली शर्मा ने एक ही जमीन को अलग-अलग लोगों को बेचने का खेल रचा। खसरा नंबर 537/04 की इस जमीन को कई खरीदारों के नाम विक्रय करने के लिए फर्जी तरीके से सौदे किए गए। हर व्यक्ति से अलग-अलग रकम और चेक लेकर उन्हें भरोसे में लिया गया, लेकिन असल में यह सब एक सोची-समझी साजिश थी।





### डेढ़ करोड़ की ठगी, 11 शिकायतों से खुला राज

पुलिस के अनुसार अब तक कुल 11 लोगों ने लिखित शिकायत दर्ज कराई है, जिनमें से पांच मामलों में प्राथमिक जांच के बाद अपराध दर्ज किया गया है। इन पांच मामलों में करीब 1.5 करोड़ रुपये की ठगी की पुष्टि हुई है। शिकायतकर्ताओं में भोपाल के विभिन्न क्षेत्रों के निवासी शामिल हैं, जिनमें दीपक मिश्रा, गुलाब सिंह राठौड़, जितेंद्र सिंह, दिनेश कुमार सिंह और आरएन साहू जैसे लोग शामिल हैं। इन सभी ने आरोप लगाया कि उन्हें जमीन बेचने के नाम पर झांसा देकर बड़ी रकम हड़प ली गई।

### पुलिस एक्शन: 5 केस दर्ज मुख्य आरोपी गिरफ्तार

मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत पांच प्रकरण दर्ज किए हैं। पुलिस ने मुख्य आरोपी दीनदयाल शर्मा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। वहीं अन्य मामलों में गिरफ्तारी अभी बाकी है और पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### जांच जारी: और नामों के खुलासे की उम्मीद

पुलिस अब इस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है। अन्य शिकायतों और संदिग्ध लोगों की भूमिका को भी खंगाला जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि जैसे-जैसे साक्ष्य मिलेंगे, वैसे-वैसे और आरोपियों पर भी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल इस ठगी कांड ने इलाके में हड़कंप मचा दिया है और लोगों को सतर्क रहने की चेतावनी दे दी है।

### दलालों का नेटवर्क और फर्जी खरीदारों की चाल

जांच में यह भी सामने आया है कि इस ठगी में केवल पति-पत्नी ही नहीं, बल्कि उनके साथ कुछ दलाल और सहयोगी भी शामिल थे। ये लोग पहले ग्राहकों को जमीन खरीदने के लिए फंसाते थे, फिर फर्जी खरीदार बनाकर ज्यादा कीमत का लालच देते थे। इस चाल में फंसकर लोग जल्दी सौदा करने के चक्कर में अपनी रकम गंवा बैठते थे।

WE ARE HIRING

**Job Opening**
**CIRCULATION ASSISTANT MANAGER**

**Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post**

Location : Raipur City

We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

**Qualifications :**
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

**Responsibilities :**
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

**How to Apply**

Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com

Last Date to Apply : 10 April 2026

हरिभूमि inh 24x7 Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## खबर संक्षेप

### टीईटी अनिवार्यता खत्म करने दिया ज्ञापन



**देवास।** अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता समाप्त करने एवं नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम जिलाधीश के प्रतिनिधि अपर कलेक्टर संजीव जैन को ज्ञापन दिया। ज्ञापन का वाचन वारिस अली ने किया। दिनेश चौधरी, हिमरतसिह तोमर, राजेन्द्रसिंह सेंधव, अरूण मिश्रा, पुरूषोत्तम सिसोदिया, ने बीएड कॉलेज पर आयोजित धरना एवं रैली को सम्बोधित किया।

### ऑपरेशन हवालातः 2 फरार वारंटी गिरफ्तार

**देवास।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान "ऑपरेशन हवालात" के तहत प्रभावी कार्रवाई करते हुए थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने दो लंबे समय से फरार गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस के अनुसार, मारपीट से संबंधित लगभग 2 वर्ष पुराने प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी चंदन पिता नंदकिशोर डोसी (उम्र 24 वर्ष, निवासी सर्वोदयनगर, देवास) तथा चेक बाउंस के करीब 1 वर्ष पुराने प्रकरण में फरार आरोपी अनिल कुमार पिता अनोखीलाल मालवीय (उम्र 31 वर्ष, निवासी राधिका सोसायटी श्यामनगर, इंदौर, हाल मुकाम मायाखेड़ी, इंदौर) को गिरफ्तार किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक श्री पुनीत गेहलोद द्वारा 1 नवम्बर 2024 से पूरे जिले में "ऑपरेशन हवालात" की शुरुआत की गई है। इस अभियान के तहत लंबे समय से फरार आरोपियों और इनामी बदमाशों की गिरफ्तारी पर विशेष जोर दिया जा रहा है, साथ ही गंभीर अपराधों में फरार आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा रही है।

### कलेक्टर के मुख्य आतिथ्य में वरिष्ठ नागरिक संस्था का स्थापना दिवस मनाया

# गौरव का दिन है कि वरिष्ठ नागरिक संस्था के 30 वर्ष पूर्ण हुएः कलेक्टर ऋतुराज सिंह

आगामी समय में संपूर्ण जिले में नागरिकों के निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास





कलेक्टर ऋतुराज सिंह के मुख्य आतिथ्य में बुधवार को देवास वरिष्ठ नागरिक संस्था का स्थापना दिवस का आयोजन मल्हार स्मृति मंदिर परिसर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर सिंह ने कहा कि यह बड़ा गौरव का दिन है कि वरिष्ठ नागरिक संस्था के लगभग 30 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। इस दौरान वेदांता अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. भरत रावत, महाप्रबंधक बैंक नोट प्रेस श्री केदारनाथ महापात्रा, सामाजिक न्याय विभाग की अधिकारी संगीता यादव, डायरेक्टर विद्यांचल अकेडमी देवास दिनेश गुप्ता, वरिष्ठ नागरिक संस्था के पदाधिकारी ओ.पी. पराशर, गंगासिंह सोलंकी, संस्था के सदस्यगण सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे। कार्यक्रम में कलेक्टर सिंह ने वरिष्ठ नागरिक संस्था के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह मेरे लिए गौरव की बात कि मैं इस आयोजन का हिस्सा बना, जिसमें जिले के सम्मानीय वरिष्ठ नागरिक सदस्य हैं, जिन्होंने अपने उल्लेखनीय कार्यों से समाज के नागरिकों की निःस्वार्थ भाव से सेवा की है।

उन्होंने कहा कि आप सभी के प्रयासों से संस्था में बहुत खुशनुमा माहौल बना हुआ है। उन्होंने सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह शुभकामना व्यक्त की कि उनका जीवन स्वस्थ और प्रसन्नतापूर्ण रहे। उन्होंने बताया कि आगामी समय में संपूर्ण जिले में नागरिकों के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नागरिक संस्था से जुड़कर संस्था को सुदृढ़ बनाएं। उन्होंने कहा कि प्रशासन हमेशा संस्था के लिए हमेशा तत्पर है।इस अवसर पर वेदांता अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. भरत रावत ने सभी को सलाह दी कि आवश्यकता से अधिक और आवश्यकता कम से उपचार से बचें। उन्होंने स्वस्थ्य जीवन जीने के लिए कुछ नुस्खों से रूबरू कराया। उन्होंने बताया कि सभी को प्रतिदिन दो किलोमीटर पैदल चलना चाहिए एवं नियमित व्यायाम व सूर्य नमस्कार करना चाहिए, जिससे बीपी, शुगर, हृदय संबंधी रोगों आदि से बचा जा सके। उन्होंने सभी को धुम्रपान एवं मदिरापान न करने की सलाह दी। उन्होंने सभी को सलाह दी कि छोटी-छोटी बातों पर मुस्कुराना सीखें एवं दूसरें के चेहरे पर भी मुस्कुराहट लाएं। उन्होंने सभी से सादगी भरा जीवन जीने की बात कही। इस कार्यक्रम में बताया गया कि इस संस्था की स्थापना 08 अप्रैल 1997 में डॉ. एम.व्ही भाले एवं डॉ. डी.पी. श्रीवास्तव ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर की थी जो कि आज तक निरंतर गतिमान है। संस्था का मूल उद्देश्य समाज में हाशिये पर जाते वरिष्ठजनों का जीवन सुखद एवं स्वथ्य रहे इसके लिए निरंतर प्रयास करना है। इस कार्य हेतु संस्था द्वारा प्रत्येक क्षेत्र के वरिष्ठजनों को सदस्य बनाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि संस्था ने देवास में ही नहीं बल्कि प्रदेश एवं राष्ट्र स्तर पर भी अपने कार्यों से अमिट पहचान बनाई है। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सिंह द्वारा संस्था के सदस्यों को समाज में उल्लेखनीय कार्य करने पर शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

# लोहारदा नगर में बिछ रहा सड़कों का जाल

### सीएमओ की निगरानी में हो रहा विकास



हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारदा

नगर में इन दिनों विकास कार्यों ने रफ्तार पकड़ ली है। नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) सतीश घावरी के नेतृत्व में सड़कों का व्यापक निर्माण कार्य जारी है, जिससे नगरवासियों में खुशी और संतोष का माहौल है।हाल ही में सीएमओ सतीश घावरी ने परिषद टीम एवं नगर के पत्रकारों (कलमकारों) के साथ नगर का सार्वजनिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों का जायजा लिया और सीधे लोगों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनीं। निरीक्षण के दौरान नागरिकों ने चल रहे कार्यों की सराहना करते हुए बताया कि लंबे समय बाद नगर में वास्तविक विकास कार्य धरातल पर दिखाई दे रहा है।विशेष रूप से बेकलिया सरकार पहुंच मार्ग पर पहली बार सड़क निर्माण कार्य शुरू किया जाना नगर के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। यह कार्य सीएमओ के प्रयासों से संभव हुआ है और इसे रेंज ऑफिस तक निर्मित किया जाएगा। इस मार्ग के बन जाने से बेकलिया सरकार के भक्तों सहित नगरवासियों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी।वहीं, नगर के वार्ड क्रमांक 07 में माहेश्वरी भवन के पास स्थित गली में भी करीब 35 वर्षों बाद सड़क निर्माण कार्य शुरू हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह सड़क कई बार केवल कागजों में ही बनी दिखाई देती थी, लेकिन अब वास्तव में इसका निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इस बदलाव से क्षेत्र के निवासी विशेष रूप से प्रसन्न हैं।नगरवासियों का कहना है कि वर्तमान में जिस पारदर्शिता और गति से कार्य हो रहे हैं, वह पहले कभी देखने को नहीं मिली। लोगों ने उम्मीद जताई है कि इसी तरह नगर के अन्य क्षेत्रों में भी विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे।कुल मिलाकर, लोहारदा नगर में सड़कों का जाल बिछाने की दिशा में हो रहे प्रयास नगर के विकास की नई तस्वीर पेश कर रहे हैं।

### जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर आयुक्त ने ली बैठक

**देवास।** शासन निर्देशानुसार 19 मार्च से 30 जून तक चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अन्तर्गत नगर निगम द्वारा किये जा रहे कार्यो की समीक्षा आयुक्त दलीप कुमार के द्वारा 7 अप्रेल मंगलवार को निगम अधिकारियों के साथ की गई। आयुक्त ने जल गंगा संवर्धन के अन्तर्गत बडे स्तर पर अभियान के रूप में जलाशयों की साफ सफाई एवं कुए, बावडी की साफ सफाई एवं संरक्षण तथा वार्डो में स्थित नालियों की सफाई को लेकर दिशा निर्देश दिये। इसी के साथ वर्षा के पानी को पुनः जमीन मे संचय करने हेतु अधिक से अधिक घरों तथा शासकी भवनों, स्कुलों, गार्डनों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाये जाने के साथ ही जिन भवनो एवं घरो मे बोरवेल नही है उन स्थानों पर रिचार्ज पिट सिस्टम करवाये जाने के साथ ही जिओ टेग फोटो पोर्टल पर अपलोड करवाये जाने के निर्देश दिये। इसी के साथ हरित क्षेत्र विकासित करने एवं मानसून मे पौधारोपण को लेकर जगह चिन्हीत करने के निर्देश दिये। आयुक्त ने ब्लू स्टार अवार्ड के लिए संबंधित अधिकारियों को कहा।

# भारतीय किसान संघ प्रांतीय अध्यक्ष का प्रवास हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत की तहसील बागली इकाई में तहसील समिति की बैठक कमल यादव के गार्डन में प्रांतीय अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पटेल का प्रवास कार्यक्रम के अंतर्गत तहसील बैठक की शुरुआत भारत माता एवं भगवान बलराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं ध्वजा रोहण करके की गई। तहसील समिति द्वारा प्रांतीय अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पटेल का स्वागत एवं प्रचार प्रसार प्रमुख गोवर्धन लाल का स्वागत किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए तहसील समिति का व्रत लिया गया। व्रत लेने के पश्चात कहा की ग्राम समिति भारतीय किसान संघ की अंतिम इकाई और अंतिम इकाई को मजबूत करना चाहिए। प्रत्येक ग्राम समिति के गठन होने के पश्चात उसमें समिति का बोर्ड और नियमित रूप से समिति की बैठक होनी चाहिए और बैठक में स्थानीय लोग भी सम्मिलित होना चाहिए और तहसील बैठक का समापन किया गया। बाद में इस प्रवास कार्यक्रम के अनुरूप ग्राम समिति बामनखेड़ी में किसान संघ का स्वागत अनावरण इसके पश्चात भाई साहब को ढोल धमाके और नारों के उद्घोष करते हुए गांव में प्रवेश करवाया और गांव में बने हनुमान जी तथा शिव मंदिर ब्रह्मेश्वर सरकार के दर्शन किए गए। तपश्चात 8 बजे गांव समिति बैठक भी ली गई। बैठक में ग्राम समिति अध्यक्ष माखन सिंह राजपूत और मंत्री राज सरवन सिंह सैधव ने पुष्पहार श्रीफल देकर भाई साहब का आदर्श सतकार किया जाए और रात्रि विश्राम गांव में ही किया गया। विस्तृत जानकारी दी गई सभी कार्यकर्ताओं को मेरा गांव और मेरे दो गांव में प्रवास करना खुशी प्रवास कार्यक्रम के अंतर्गत में आज आप सबके बीच आया हूं। तहसील समिति के कार्यक्रम की भी जानकारी दी गई एवं तहसील के द्वारा आगामी लक्ष्य का लिया गया। तहसील बैठक में प्रांत प्रचार प्रसार प्रमुख गोवर्धन लाल जिला अध्यक्ष चौक हुकुमचंद पटेल, जिला उपाध्यक्ष नारायण मंडलोई, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख राकेश जाट, तहसील अध्यक्ष अनिल पाटीदार, तहसील मंत्री सतीश प्रजापत एवं तहसील की सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# शादी खेड़ा सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए पंचों का जमावड़ा, नायब तहसीलदार देंगे रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



ग्राम पंचायत शादी खेड़ा में कई दिनों से उठा पटक का खेल जारी है जिसके तहत भाजपा व कांग्रेस समर्पित 16 पंचों मे से सरपंच सहित 13 पंच ग्राम पंचायत पहुंचे जिसमें से 11 पंचों द्वारा सरपंच लता बाई पति फूल सिंह के खिलाफ पंचों द्वारा साइन किए गए व दो सरपंच के पक्ष में साइन किए गए।

इस अवसर पर 13 लोग उपस्थित हुए। आप को बता दे की पिछले दिनों सरपंच के खिलाफ पंचो द्वारापहला आवेदन सोनकच्छ एसडीएम को 16 दिसम्बर 2025 को दिया गया था उस आवेदन की प्रक्रिया का भौतिक सत्यापन 29 जनवरी 2026 को सभी पंच को मिला था। परन्तु किसी कारण वश वह निरस्त हो गया था व दुसरा आवेदन एव तीसरा आवेदन देवास कलेक्टर को 1 फरवरी 2026 को दिया गया था एव चौथा आवेदन फिर कलेक्टर ऋतु राज सिंह को दिया गया जिसके तहत आज भौरासा नायब तहसीलदार हर्षल बहरानी ने ग्राम पंचायत सादिखेड़ा मे डाक्यूमेंट वैरीफीकेशन किया जिसमे 11 पांचो ने हस्ताक्षर किए गए 11 पंचों द्वारा सोनकच्छ एसडीएम को सादीखेड़ा सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था जिसमे आपको बता दे की ग्राम पंचायत शादी खेड़ा में 16 पंचों की पंचायत है जिसमें से सोनकच्छ एसडीएम को सरपंच के खिलाफ आवेदन देने 11 पंचो द्वारा अपने स्वीकृति प्रदान कर आवेदन सोनकच्छ एसडीएम को सोपा गया था।

जिसके तहत सोनकच्छ एसडीएम द्वारा 8 अप्रैल को भौरासा नायब तहसीलदार हर्षल बहरानी व भौंरासा पटवारी अशोक चौहान को शादी खेड़ा ग्राम पंचायत मे जांच के लिए पहुंचाया गया जहां ग्राम पंचायत शादी खेड़ा के 11 पंचों द्वारा एक मत होकर सरपंच को हटाने के प्रस्ताव पर साइन किए गए वही नायब तहसीलदार द्वारा मीडिया से चर्चा में बताया गया कि पिछले दिनों सोनकच्छ एसडीम को सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए एक पत्र प्राप्त हुआ था जिसके सत्यापन हेतु हम यहां उपस्थित हुए हैं और सत्यापन सही पाया गया है इसके आधार पर अब रिपोर्ट बनाकर सोनकच्छ एसडीएम साहब को सोपी जाएगी वही पंचों द्वारा बताया गया की पिछले तीन-चार सालों में सरपंच द्वारा हमारी ग्राम पंचायत में कुछ भी विकास के काम नहीं कराए गए हैं एव केवल हमारी पंचायत मे 15 अगस्त व 26 जनवरी पर ही झंडा वंदन के लिए खुलता है और भी कई अनियमिताएं हमारी पंचायत में है जिसको लेकर आज हम अविश्वास प्रस्ताव ला रहे हैं।

### सरपंच के खिलाफ किए हस्ताक्षर

अजब मालवीय, इकबाल भाई, रचना सोलंकी, मिथुन कुशवाह, नेहा कुशवाह, कल्पना यादव, राहुल उपाध्याय, रूखसना बी, बबीता बाई, रेहाना बी, सलमा बी, आदि उपस्थित रहे।

# 15वें वित्त अंतर्गत 67 निर्माण कार्यों की स्वीकृतियां की गई जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती ज्योति शर्मा की अध्यक्षता में 15वें वित्त अंतर्गत जिला पंचायत सामान्य सभा द्वारा वर्ष 25-26 की अनुमोदित की समीक्षा जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, उपयंत्रीगण सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ने 15वें वित्त अंतर्गत जिला पंचायत सामान्य सभा द्वारा वर्ष 25-26 की अनुमोदित की कार्ययोजना अनुसार नवीन 67 कार्यों की स्वीकृतियां जारी कर उपस्थित सरपंच, सचिव, उपयंत्रियों को समय सीमा में कार्य कराने के निर्देश दिए। बैठक में निर्देश दिए कि "जल गंगा संवर्धन अभियान 2026" अंतर्गत भी 25 कार्य शामिल किए गए जो इस वर्षाकाल पूर्व पूर्ण कराएं जाना सुनिश्चित करें। इस दौरान ग्राम पंचायत में प्रगतिरत एवं पूर्ण कार्यों की गुणवत्ता की समीक्षा कर द्वितीय एवं अंतिम किस्त की राशि ग्राम पंचायत को स्वीकृत की गई। जिले की 54 आंगनबाड़ी भवन में बाल सुलभ शौचालय बनाने के लिए प्रत्येक हेतु राशि 36000 रुपए की स्वीकृतियां जारी की गई है। इन कार्यों को आगामी एक माह में पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही जिले की 689 आंगनवाड़ियों में पुताई कार्य हेतु उपस्थितों को निर्देश दिए गए।

### भामसं की ऊर्जा मंत्री के साथ आंदोलन के मांग पत्र पर बैठक संपन्न

# न्याय उचित मांगों पर उचित निर्णय लिया जाएगाः मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मध्यप्रदेश बिजली कर्मचारी महासंघ की 7अप्रैल को मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर के साथ आंदोलन की मांगो में 11 बिंदुओं जिसमें संविदा कर्मियों को नियमित,पूर्व क्षेत्र में अनुकंपा नियुक्ति संविदा कार्यालय सहायकों को नियमित बाह्यस्त्रोत कर्मियों ,सेवानिवृत्ति पेंशनरों एवं सहकारी समिति के कार्मिकों की बिंदु बार समस्याओं एवं विसंगतियों पर चर्चा की गई जिसमें ऊर्जा मंत्री द्वारा तत्काल विशेष कर्तव्य अधिकारी को निर्देशित किया गया की बिजली कर्मचारी महासंघ की शीघ्र बैठक ऊर्जा मंत्री की अध्यक्षता में ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव नीरज मंडलोई से 16 अप्रैल के पूर्व करवाई जाए एवं इन सभी बिंदुओं का निराकरण किस प्रकार से हो सकता है इस पर बैठकर दोनों पक्ष सकारात्मक चर्चा कर लेवे। इसके बाद न्याय उचित मांगों पर उचित निर्णय लिया जाएगा।

प्रतिनिधि मंडल में भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय मंत्री एवं सह प्रभारी विद्युत क्षेत्र .अरविंद मिश्रा ,भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर, मध्य प्रदेश बिजली क्षेत्र के प्रभारी एवं भारतीय मजदूर संघ के संयुक्त महामंत्री आशीष सिंह, मध्य प्रदेश बिजली कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार पांडे , मध्य प्रदेश की पांचो कंपनियों के महामंत्री मणिराज विश्वकर्मा पूर्व क्षेत्र, संदीप त्रिपाठी मध्य क्षेत्र, राजेश जैन ट्रांसमिशन, भगवान स्वरूप श्रीवास्तव पश्चिम क्षेत्र, पंकज पवार उत्पादन के साथ देवेंद्र नेवले, अमित कुर्मी ,दीपक गुप्ता, सुदीप मिश्रा, अखिलेश वासुरे (संविदा प्रतिनिधि )मध्य क्षेत्र, प्रवीण तिवारी (अनुकंपा नियुक्ति संविदा ) पूर्व क्षेत्र, सी.बी.विश्वकर्मा (विद्युत सहकारी समिति सोसाइटी)पूर्व क्षेत्र बंडा की उपस्थिति रही। प्रदेश महामंत्री बिजली कर्मचारी महासंघ मा. सुशील कुमार पांडे जी द्वारा मांग पत्र के सभी बिंदुओं का विस्तार से वाचन किया गया।जिन्हें माननीय ऊर्जा मंत्री जी ने गंभीरता पूर्वक सुना।अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा के साथ बृहद बैठक में इसके सकारात्मक परिणाम आएंगे। उल्लेखनीय है कि म प्र बिजली कर्मचारी महासंघ का प्रदेश व्यापी आंदोलन के चतुर्थ चरण दिनांक 16 अप्रैल को गोविंदपुरा ,भोपाल में पूरे प्रदेश के विद्युत कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन यथावत रहेगा।

# जिले के खिलाड़ियों ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026" के तहत प्रतियोगिताओं का आयोजन 25 मार्च से 03 अप्रैल तक रायपुर में किया गया। देवास के खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन, चौथा स्थान प्राप्त'' किया। कलेक्टर ऋतुराज सिंह, पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया तथा जिला खेल अधिकारी ने खिलाडियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई दी। अधिकारियों ने कहा कि खिलाड़ियों की यह उपलब्धि जिले के लिए गर्व का विषय है और भविष्य में वे और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देवास जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। देवास के मोहित कर्मा, अंकित नागलोथ और अंकित भूरिया ने पुरूष वर्ग में तथा मनीषा भूरिया ने महिला वर्ग में भाग लिया। सभी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में चौथा स्थान हासिल किया। पूरे टूर्नामेंट में मयंक ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए 08 गोल दागे। वहीं अंकित ने 02 गोल और मनीषा भूरिया ने भी 03 गोल कर टीम के प्रदर्शन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। खिलाड़ियों ने अपनी सफलता का श्रेय जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग को दिया। उन्होंने विभाग द्वारा प्रदान की गई प्रशिक्षण सुविधाओं, मार्गदर्शन और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

**खबर संक्षेप**



### अर्चना अरनाथ महामंडल विधान संपन्न

**ललितपुर।** प्रागैतिहासिक अतिशय क्षेत्र नवागढ़ में पं.गुलाबचंद पुष्प द्वारा अन्वेषित मनोकामना पूर्ण अतिशयकारी अरनाथ स्वामी के चरणों में अरनाथ महामण्डल विधान विधि विधान के साथ संपन्न हुआ। मंगलाष्टक, अभिषेक, शांतिधारा, पूजन भक्तिभाव से किया गया। प्रचारमंत्री ने बताया कि सुबह की बेला में भगवान अरनाथ स्वामी का अभिषेक शांतिधारा की गयी। विधि विधान ब्रह्मचारी जय निशान्त के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। नवागढ़ गुरुकुलम का निरीक्षण अनुपमा जैन जो लगातार नवागढ़ गुरुकुलम की देखरेख कर रही हैं। उन्होंने नमन जैन एवं अस्मिता के साथ बच्चों की परीक्षा कापियों का निरीक्षण किया। उनके पढ़ाई के स्तर का आकलन किया एवं आगामी संचालित होने वाले सत्र के लिए आवश्यक निर्देश दिये गये।

### सरकारी आयुर्वेदिक अस्पताल में सेंधमारी

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के मिर्चवारा स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में चोरी की घटना ने स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा दिया है। चिकित्साधिकारी डा.आयुषी मोगरा ने 7 अप्रैल को थाना प्रभारी को लिखित शिकायत दी, जिसमें बताया गया कि 3 अप्रैल (शुक्रवार) की रात अस्पताल के कक्ष का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो इन्वर्टर और इन्वर्टर बैटरी गायब थे। डा.मोगरा ने अपनी तहरीर में लिखा कि अस्पताल को आर्थिक क्षति हुई है और यह सुरक्षा की दृष्टि से बेहद गंभीर मामला है। घटना की सूचना 7 अप्रैल को शाम 7.34 बजे थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने बीएनएस की धारा 305 (चोरी) के तहत कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया



**ललितपुर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस 2026 की थीम स्वास्थ्य के लिए एकजुट, विज्ञान के साथ खड़े रहें रही, जिसके तहत वैज्ञानिक सहयोग और एक स्वास्थ्य दृष्टिकोण पर विशेष जोर दिया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बताया कि स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार, स्वच्छ वातावरण और नियमित व्यायाम अत्यंत आवश्यक हैं। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य को भी शारीरिक स्वास्थ्य के बराबर महत्व देने की बात कही गई। डा. रवि पचौरी ने स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी आदतों में सुधार कर बेहतर स्वास्थ्य पाया जा सकता है। डा.पवन सूद ने योग और ध्यान को स्वास्थ्य के लिए जरूरी बताया, वहीं डा. श्रुति सिंह ने पर्यावरणीय और मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष जोर दिया। प्राचार्य डा.मयंक कुमार शुक्ला ने आध्यात्मिक, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के संतुलन को आवश्यक बताया। इस दौरान एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के छात्रों दिव्यदीप गोस्वामी, दिव्यांश पांडे, दिव्यांश यादव, द्वारिका शुक्ला एवं गोविंद शर्मा ने स्वास्थ्य विषयक पोस्टर प्रस्तुत किए। इस दौरान डा. मधुरेंद्र, डा. रजनी, डा. अभिषेक, डा. रविकांत वर्मा, डा. प्रद्युम्न वर्मा, डा. अंकित, डा. आशीष निरंजन, डा. मनोज सोनी सहित अन्य चिकित्सक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

#### एडीएम अंकुर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

# खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति के मिलावटखोरों पर कार्रवाई के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम अंकुर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में खाद्य सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक की शुरुआत सहायक आयुक्त खाद्य द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष में विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी देने से हुई, जिस पर एडीएम ने संतोष व्यक्त किया।

उन्होंने निर्देश दिए कि प्रवर्तन कार्यवाही प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से की जाए तथा मिलावट के स्रोतों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। समिति सदस्य मनीष ने सुझाव दिया कि चाय की दुकानों पर कुल्हड़ या कांच के गिलास में चाय परोसने के लिए दुकानदारों को जागरूक किया जाए। साथ ही, कागज व प्लास्टिक कप के दुष्प्रभावों को दर्शाने वाले पम्पलेट और स्टीकर दुकानों पर लगाने की बात कही। जिला पूर्ति अधिकारी ने ब्रांडेड पानी की बोतलों से मिलते-जुलते नामों वाले उत्पादों की सघन जांच कर नमूने संग्रहित करने का सुझाव दिया, जिससे पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। वहीं बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्रत्येक माह कम से कम 10 मिड-डे मील के नमूने लेने और जांच के समय शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि की उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया। शासकीय अधिवक्ता ने पानी-पूड़ी में उपयोग होने वाले पानी की गुणवत्ता की जांच कराने और दूध उत्पादन का आकलन कर मिलावट वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर कार्रवाई करने का सुझाव दिया।

अपर जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं समाज कल्याण अधिकारी के समन्वय से सभी आवासीय विद्यालयों को ईट राइट स्कूल के अंतर्गत प्रमाणित कराने के निर्देश दिए। साथ ही, सरकारी संस्थानों में संचालित कैंटीनों को ईट राइट कैम्पस योजना के अंतर्गत प्रमाणन कराने पर भी बल दिया।

#### जिला पंचायत पर मानकों की अनदेखी का आरोप

# ललितपुर-कैलगुंवा रोड पर निर्माण को लेकर विवाद, जिलाधिकारी से शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिला पंचायत द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों में नियमों और मानकों की अनदेखी का एक मामला सामने आया है। थाना पनारी निवासी सोबरन सिंह ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर ललितपुर-कैलगुवां मार्ग पर उनके मकान के सामने मानकों के विरुद्ध किए जा रहे निर्माण को तत्काल रोकने की मांग की है। पीड़ित सोबरन सिंह के अनुसार, उन्होंने वर्ष 2002 में कैलगुवां पीडब्ल्यूडी रोड के पास एक भूखंड खरीदा था, जिसका नक्शा उन्होंने 31 जुलाई 2004 को रोड साइड लैंड कंट्रोल एक्ट के तहत स्वीकृत कराया था। उनका दावा है कि उनका निर्माण स्वीकृत नक्शे और रोड मानक के अनुसार ही बना हुआ है।

शिकायती पत्र में उल्लेख किया गया है कि उक्त भूमि को लेकर वर्ष 2014 से न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) ललितपुर में एक मामला (वाद सं0 451/2014 ताराबाई आदि बनाम जिला पंचायत) पहले से ही विचाराधीन है। आरोप है कि न्यायालय में मामला होने के बावजूद जिला पंचायत विभाग द्वारा जबरन निर्माण की कोशिश की जा रही है। सोबरन सिंह ने आरोप लगाया कि 05 अप्रैल 2026 को जिला पंचायत के कुछ कर्मचारी और अधिकारी मौके पर आए और ललितपुर-कैलगुवां सड़क से मात्र 15-20 फुट जगह छोड़कर चूने की लाइन डालनी शुरू कर दी। जब पीड़ित ने स्टेट हाईवे और राष्ट्रीय हाईवे के मानकों का हवाला देते हुए आपत्ति जताई, तो कर्मचारियों ने कथित तौर पर धमकी दी कि वह किसी भी कानूनी प्रक्रिया या मानक को नहीं मानते हैं। पीड़ित का कहना है कि यदि यह निर्माण होता है, तो उनके घर के सामने आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाएगा। पीड़ित ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई है कि जिला पंचायत द्वारा मानकों की अनदेखी कर किए जा रहे इस निर्माण कार्य को तुरंत रुकवाया जाए ताकि उनकी संपत्ति और आवागमन के अधिकार सुरक्षित रह सकें।

**स्टेट व राष्ट्रीय हाईवे के मानकों का हवाला देते हुए आपत्ति जताई**

# भजन संध्या व सत्यनारायण कथा के साथ हनुमान जन्मोत्सव महोत्सव का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

श्री रामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित आठ दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम का समापन भजन संध्या और श्रीसत्यनारायण कथा के साथ श्रद्धा एवं उल्लासपूर्वक सम्पन्न हुआ। अंतिम दिन आयोजित भजन संध्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और देर रात तक भक्ति रस की धारा बहती रही।

शुभारंभ सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, मनमोहन जडिया एवं देवेंद्र चतुर्वेदी द्वारा भगवान हनुमान के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद छतरपुर से पधारे भजन गायक परशुराम अवस्थी ने अपनी मधुर आवाज में संकट के कटिया हनुमान, मेरे सरकार आए हैं और गोरा सांची बताओ जैसे भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उनके साथ आए भजन गायक ओमप्रकाश तिवारी ने राम-राम सियाराम और जमजम नाचे देखो वीर हनुमान जैसे भजनों से समां बांधा। वहीं भजन गायिका मान्यता श्रीवास्तव ने जो खेल गए प्राणों के श्रीराम के लिए और किशोरी कुछ ऐसा इंतजाम हो जाए जैसे भजनों की प्रस्तुति दी। ललितपुर की प्रसिद्ध भजन गायिका शिवानी झा ने गूंज रहा जयकारा और मेरा तुवन सरकार का डंका जैसे भजनों से माहौल भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर समिति द्वारा विभिन्न अखाड़ों का स्मृति चिन्ह एवं पट्टिका देकर सम्मान किया गया, जिनमें श्री बृजधामा अखाड़ा, कौशल किशोर मंदिर व्यायामशाला, दुश्मन फटकार व्यायामशाला, लव-कुश व्यायामशाला, वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई व्यायामशाला, महाकाल अखाड़ा संस्थान, भारत सेवा मंडल, हनुमान दल अखाड़ा सहित अन्य अखाड़े शामिल रहे। आठवें दिन तुवन मंदिर पर श्री सत्यनारायण कथा का विधिवत समापन हुआ।

इस अवसर पर मंदिर महंत राम लखन दास, समिति अध्यक्ष पं. बृजेश चतुर्वेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्यामाकांत चौबे, महामंत्री प्रबल सक्सेना, प्रबंधक रिंकू हरविंदर सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष अमित तिवारी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। संचालन विजय शर्मा ने प्रभावशाली ढंग से किया। पूरे आयोजन में भक्ति, उत्साह और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम देखने को मिला।

#### अभिभावकों से जबरन वसूली का मामला गरमाया

# निजी स्कूलों की कमिशनखोरी पर जिला प्रशासन सख्त, किताब-यूनिफॉर्म माफिया पर कसा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जनपद में शिक्षा के नाम पर चल रहे कथित किताब-यूनिफॉर्म खेल का बड़ा खुलासा हुआ है। निजी विद्यालयों द्वारा अभिभावकों को खास दुकानों से महंगी किताबें और यूनिफॉर्म खरीदने के लिए मजबूर किए जाने का मामला अब तूल पकड़ चुका है। शिकायत सामने आने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। सूत्रों की मानें तो कई स्कूलों ने अपने फिक्स बुक सेलर तय कर रखे हैं, जहां से ही अभिभावकों को सामान खरीदना पड़ता है। बाजार में सस्ती उपलब्ध किताबें भी स्कूलों के दबाव के कारण नहीं खरीदी जा सकती। आरोप है कि इन सौदों में मोटा कमीशन खेला जा रहा है। एक अभिभावक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, 300-400 की किताबें 3000-3500 में खरीदने को मजबूर किया गया। मना करने पर बच्चे पर दबाव बनाया जाता है। जांच में यह भी सामने आया है कि कई विद्यालय एनसीईआरटी की सस्ती और मानक पुस्तकों को नजरअंदाज कर निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें थोप रहे हैं। प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए साफ कहा है कि उत्तर प्रदेश स्व-वित्तपोषित स्वतंत्र (शुल्क विनियमन) अधिनियम 2018 के तहत यह पूरी तरह अवैध है।

### जिलाधिकारी का सख्त संदेश

अभिभावकों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषी स्कूलों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। बताया जा रहा है कि कई स्कूलों की सूची तैयार की जा रही है। टीम बनाकर निरीक्षण करेंगे इस पूरे मामले के सामने आने के बाद अभिभावकों में आक्रोश है, वहीं प्रशासन की कार्रवाई से उम्मीद भी जगी है कि अब स्कूलों की मनमानी पर लगाम लगेगी।

## प्राइवेट स्कूलों की मनमानी, एनसीईआरटी की जगह 10 गुना महंगी निजी प्रकाशकों की किताबें थोपने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

प्राइवेट स्कूलों द्वारा अभिभावकों के आर्थिक शोषण का मामला गरमाता जा रहा है। उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित स्वतंत्र (शुल्क विनियमन) अधिनियम 2018 की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए स्कूल संचालकों पर निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें और यूनिफॉर्म एक निश्चित दुकान से खरीदने के लिए दबाव बनाने के गंभीर आरोप लगे हैं। इस संबंध में एक पीड़ित अभिभावक ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। पिसनारी बाग निवासी राजाराम साहू ने जिलाधिकारी को बताया कि उनकी पुत्री एक निजी स्कूल में कक्षा 3 की छात्रा है। स्कूल द्वारा उन्हें कक्षा 3 की किताबें और नोटबुक एक विशेष बुक डिपो से खरीदने को कहा गया। जब उन्होंने वहां से किताबें खरीदीं, तो उनसे 3590 रुपये वसूले गए, जबकि नियमानुसार यदि कक्षा 3 की एनसीईआरटी की किताबें ली जातीं, तो उनका मूल्य मात्र 360 रुपये के आसपास होता।

### न बिल दिया, न एनसीईआरटी की एक भी किताब

शिकायती पत्र में लगाए गए मुख्य आरोप है कि स्कूल प्रशासन निजी प्रकाशकों की किताबें बेचकर भारी कमीशन कमा रहे हैं, जिससे किताबों का मूल्य 10 से 15 गुना बढ़ गया है। अभिभावकों को घंटाघर स्थित दो अलग-अलग बुक डिपो से चुनिंदा दुकानों से ही सामान लेने को बाध्य किया जा रहा है। महंगी किताबें बेचने के बावजूद दुकानदार द्वारा कोई भी वैध बिल प्रदान नहीं किया गया। सीबीएसई से मान्यता प्राप्त होने के बावजूद विद्यालय में एक भी एनसीईआरटी की किताब नहीं पढ़ाई जा रही है।

### मान्यता रद्द करने की मांग

अभिभावक ने पत्र में स्पष्ट किया कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम और प्रदेश सरकार के शुल्क विनियमन अधिनियम के तहत कोई भी स्कूल किसी विशेष दुकान से सामान खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकता। उन्होंने मांग की है कि ऐसे स्कूलों और साठगांठ करने वाले बुक सेलर्स पर तत्काल वैधानिक कार्रवाई की जाए और नियमों का पालन न करने वाले स्कूलों की मान्यता रद्द की जाए। इस शिकायत की प्रतियां केन्द्रीय शिक्षा मंत्री, राज्य शिक्षा मंत्री और सीबीएसई के निदेशक को भी भेजी गई हैं।

#### समिति सचिव राघवेंद्र पर एफआईआर दर्ज

# एमएसपी गेहूं घोटाला, 55 लाख के 2070 क्विंटल गेहूं का गबन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शासन की मूल्य समर्थन योजना (एमएसपी) के तहत रबी विपणन वर्ष 2025-26 में ललितपुर जिले के थनवारा बी-पैक्स क्रय केन्द्र (गनगौरा गोदाम) पर एक बड़ा घोटाला सामने आया था । अपर जिला सहकारी अधिकारी रवि सिंह की शिकायत पर कोतवाली ललितपुर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। समिति सचिव राघवेन्द्र सिंह चौहान पर आरोप है कि उन्होंने 73 किसानों से कुल 5719.50 क्विंटल गेंहू खरीदा, लेकिन एफसीआई को सिर्फ 3648.5357 क्विंटल ही डिलीवर किया। 2070.96 क्विंटल गेंहू न तो गोदाम पर मिला और न ही किसानों के पास। इस गबन की कीमत 55,87,669 रुपये (एमएसपी दर 2425 रुपये प्रति क्विंटल सहित गत वर्ष की लागत समेत) बताई गई है। जांच रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि सचिव ने स्वयं को खरीद केन्द्र प्रभारी बनाए बिना सहकारी कुर्क अमीन रज्जन लाल श्रीवास्तव को प्रभारी बना दिया। जांच के दौरान 12 जून 2025 को दोनों आरोपी मौके पर नहीं मिले। 16 किसानों से कथित मोबाइल खरीद का हवाला देकर गेंहू किसानों के घर पर रखे होने का झूठा दावा किया गया, लेकिन जांच में न तो गेंहू मिला और न ही किसानों के पास कोई स्टॉक पाया गया। विभागीय अधिकारियों ने 9 बार (4 जून से 23 जून 2025 तक) नोटिस जारी कर गेंहू डिलीवर करने को कहा, लेकिन आरोपी ने न तो डिलीवरी की और न ही जवाब दिया। अपर जिला सहकारी अधिकारी रवि सिंह ने अपनी शिकायत में साफ लिखा है कि सांठ-गांठ करके गेंहू का गबन/अपहरण किया गया है। एफआईआर बीएनएस की धारा 316(5) के तहत दर्ज की गई है। जांच की जिम्मेदारी अवर निरीक्षक ललित उज्जवाल को सौंपी गई है। यह घोटाला तब सामने आया है जब पूरे प्रदेश में किसानों को एफआईआर पर गेंहू बेचने का दावा किया जा रहा था। अब सवाल उठ रहा है कि आखिर 55 लाख का गेंहू कहां गायब हो गया?

# सीडीओ ने मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मुख्यालय के करीब विकास खण्ड जखौरा के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय (यूपीएस) पनारी में स्कूल चलो अभियान के तहत वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सीडीओ शेषनाथ चौहान एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी भुवनेंदु अर्जरिया उपस्थित रहे। शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान कक्षा 6 से 8 तक के वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को स्कूल बैग, स्टेशनरी किट एवं डिक्शनरी जैसे उपयोगी उपहार प्रदान किए गए, जिससे बच्चों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। सीडीओ ने विद्यालय में चल रहे नवाचारों की सराहना करते हुए विद्या वाहिनी एवं अगस्त्य इंटरनेशनल फाउंडेशन के प्रयासों को प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि इन संस्थाओं के सहयोग से बच्चों में रटने की प्रवृत्ति कम होकर प्रयोगात्मक शिक्षा और जिज्ञासा का विकास हो रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों का रुझान विज्ञान की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने सरकारी विद्यालयों की बदलती व्यवस्था पर जोर देते हुए कहा कि आज सरकारी स्कूलों में प्रशिक्षित शिक्षक, निशुल्क पुस्तकें, यूनिफॉर्म एवं मिड-डे मील जैसी सुविधाओं के साथ बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वह अपने बच्चों का नामांकन सरकारी विद्यालयों में कराएं और शिक्षा को सर्वोत्तम निवेश मानें। खण्ड शिक्षा अधिकारी भुवनेंदु अर्जरिया ने छात्रों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि सफलता के लिए जीवन में स्पष्ट लक्ष्य होना आवश्यक है।

# कैंपस ड्राइव में 14 छात्रों का चयन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ तालबेहट (ललितपुर)

राजकीय पॉलिटेक्निक तालबेहट में रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में संस्थान में आयोजित पूल कैंपस ड्राइव में विभिन्न जिलों के छात्रों ने अपना कौशल दिखाया, जिसमें अंतिम रूप से 14 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया है। प्रधानाचार्य विवेक मेहरोत्रा ने जानकारी दी कि 7 अप्रैल को आयोजित इस ड्राइव में एक प्रतिष्ठित कंपनी ने हिस्सा लिया। कंपनी के प्रतिनिधि राकेश नायक ने छात्रों को कंपनी की कार्यप्रणाली से अवगत कराया और इंटरव्यू की प्रक्रिया संपन्न की। इस पूल कैंपस ड्राइव में कुल 65 छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। संस्थान के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी देवेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि इस ड्राइव की विशेषता यह रही कि इसमें केवल स्थानीय छात्र ही नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों के पॉलिटेक्निक छात्रों ने भाग लिया। परिणाम के अनुसार, 14 छात्रों को कंपनी द्वारा नौकरी का प्रस्ताव दिया गया है। संस्थान अब तक 4 पूल कैंपस ड्राइव आयोजित कर चुका है। प्लेसमेंट अधिकारी ने बताया कि 16 अप्रैल को संस्थान में अगला पूल कैंपस ड्राइव प्रस्तावित है।

#### शांतोदय तीर्थ क्षेत्र में श्री पंचकल्याण प्रतिष्ठा महोत्सव का घटयात्रा के साथ शुभारंभ

# बेहतर समय बनाने भी की जाती तप साधना : सुधासागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर


मानव जीवन में मात्र मोक्ष पाने को ही तप साधना नहीं की जाती जबकि बेहतर समय बनाने को हर क्षण साधना अति अनिवार्य है कहा जाता है कि गुरू का तप तपस्या और साधना शिष्य को जहां मजबूत बनाती तो वही जीवन को सार्थक भी यह उपदेश निर्यापक मुनिश्री सुधा सागर महाराज ने श्री शान्तोदय तीर्थ क्षेत्र चांदपुर जहाजपुर धोर्रा के आयोजन स्थल की धर्म सभा में हजारों श्रदालुओं के समक्ष दिये।

ससंघ का मंगल प्रवेश 8-अप्रैल की सुबह आठ बजे हुआ श्री शान्तोदय तीर्थ क्षेत्र कमेटी एवं जैन समाज पंचायत पदाधिकारी ने चित्र का अनावरण और दीप प्रज्वलित किया। श्री शांन्तो तीर्थ क्षेत्र कमेटी ने ललितपुर से क्षेत्र पर आने जाने हेतू प्रतिदिन सुबह 6-एवं शाम 7-बजे से निशुल्क चलेगी यातायात प्रभारी सुधीर जैन के संयोजन में बस व्यवस्था टीम सदस्यों के साथ जारी है। गुरू की महिमा का बखान किया उन्होने कहा कि गुरू आगे चलता है और शिष्या पीछे गुरू में अपार ज्ञान व अनुभव होता। निर्यापक मुनिश्री सुधार ने कहा कि साधना तप त्याग गुरू करता है और उसका लाभ शिष्य भी पाता है। कर्म ऐसे करो कि बुरे वक्त साथ सम्मान का बने रहे तथा संस्कार ऐसे संरक्षक रखें कि वक्त दूसरों प्रेरणा आशीवार्द बने। महोत्सव का शुभारंभ जगत पूज्य ससंध के भव्य मंगल आगमन से हुआ। मुनिश्री ससंध देवगढ़ से विगत दिवस विहार करते हुए सैपुरा पधारें जहां रात्री विश्राम उपरांत 8-अप्रैल की सुबह हजारों भक्तों ने नवधा भक्ती से निर्यापक मुनिश्री सुधा सागर महाराज ससंध आगवानी में वृहद भव्य शोभा यात्रा सैपुरा से शुरू हुई जिसमें हाथी घोड़ा ऊंट की सवारी एवं विभिन्न महिला संगठन व महिलाओं द्वारा सुन्दर से सुन्दर प्रदर्शन किया गया। उक्त शोभायात्रा श्री शांतोदय क्षेत्र पहुची क्षेत्र कमेटी व जैन समाज पंचायत समिति ने संयुक्त रूप से हजारों भक्त लोगों मुनिश्री ससंध की आगवानी की शोभायात्रा व आगवानी के उपरांत आयोजन स्थल पर प्रतिषठाचार्य बाल ब्र प्रदीप भैय्या ने मंत्रोचारण से शुद्धि से ध्वजारोहण कराया जिसका सौभाग्य आलोक नीलेश चौधरी एवं धर्म सभा मण्डप का लोर्कापण शोभा-राकेश बरया ने किया। प्रतिष्ठाचार्य ने मंत्रोचारण से मण्ड्प शुद्धी एवं प्रतिष्ठा कराई,क्षेत्र कमेटी व जैन समाज पंचायत ने आचार्य निमंत्रण दिया अदुभुत मौके पर संयुक्त रूप से ध्वजा रोहण हुआ महोत्सव में एवं जैन बालिका आर्मी की बालिकाओं ने बेहतर गणभेष में उम्दा प्रर्दशन किया और धर्म ध्वजा को सलामी दी। इधर मीडिया प्रमुख रवि जैन चुनगी ने बताया कि श्री पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में जहां 18-फुट प्रचीन भव्य भगवान शांतिनाथ जी की मूर्ति तो वही 15-फुट के नवीन दिव्य भगवान श्री शांतिनाथ जी की मूर्ति की प्रतिष्ठा जगत पूज्य मुनिश्री के सुधा सागर के सूर्यमंत्र द्वारा होगी।

आयोजन स्थल पर दोपहर मे यागमंडल विधान गीत संगीतमय से हुआ तो वही प्रातःकाल भगवान का अभिषेक शांतिधारा पूजन विधान महापात्रों सामान्य इन्द्र इंद्राणी एक साथ सभा मंडप में की, तो रात्री में संस्कृतिक कार्यक्रम की श्रंखला में अयोध्या नगरी की रचना हुई और महाराजा नभिराय दरबार सजा जहां तत्व चर्चा के साथ धन पति कुबेर का आगमन हुआ इसी क्रम सौधर्म इन्द्र का सिंहासन हुआ कम्पायन भगवान की माता की सेवा करने पहुंची अष्ट कुमारी जिन्होंने विभिन्न भेंट दी इस अवसर पर माता के सोलह स्वप्न दिखाये गये,इसी के संग प्रथम दिन गर्भ कल्याणक महोत्सव की पूर्वार्ध क्रियाएं संपन्न हुई।

## 4 हजार रुपए का है एक ही टीका जो शासन मुफ्त लगवा रहा

# नई उपलब्धिः एचपीवी टीकाकरण में राजगढ़ जिला पूरे भारत में अव्वल




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

स्वास्थ्य और जागरूकता के मोर्चे पर राजगढ़ जिले ने इतिहास रच दिया है। घातक सर्वाइकल कैंसर से बेटियों को सुरक्षित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे एचपीवी(ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीनेशन अभियान में राजगढ़ जिला न केवल मध्य प्रदेश, बल्कि पूरे भारत में प्रथम स्थान पर पहुंच गया है।

जिले ने अपने निर्धारित लक्ष्य 15,942 को शत-प्रतिशत प्राप्त कर देश के मानचित्र पर अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। इस उपलब्धि में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की सूक्ष्म योजना और दृढ़ इच्छाशक्ति रही है। 28 फरवरी से शुरू हुए इस अभियान को कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने एक मिशन की तरह लिया। अभियान के दौरान वे प्रतिदिन सुबह ब्लॉक-वार समीक्षा करते थे। उनकी इस सक्रियता ने स्वास्थ्य विभाग और अन्य सहयोगी विभागों के बीच एक मजबूत समन्वय स्थापित किया, जिससे धरातल पर परिणाम नजर आए।

### भ्रांतियों पर भारी पड़ी जागरूकता

वैक्सीनेशन के दौरान स्वास्थ्य विभाग के सामने कई चुनौतियां भी आईं। कई परिवारों में टीके को लेकर भ्रांतियां थीं, जिन्हें दूर करने के लिए विशेष प्रयास किए गए। सकारात्मक तथ्यों और वीडियो के माध्यम से लोगों के मन से डर निकाला गया। प्रिंट मीडिया के माध्यम से उन बालिकाओं के अनुभव प्रकाशित किए गए जिन्होंने टीका लगवाया था। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घर-घर जाकर कैंसर से बचाव के वैज्ञानिक लाभ बताए।

### सुरक्षित हुईं 15,942 बेटियां'

मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल और जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एल.पी. भकोरिया के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम ने फील्ड पर पसीना बहाया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. भकोरिया ने बताया कि हमने जिले की 15,942 बालिकाओं को सुरक्षित करने का लक्ष्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। सबसे सुखद बात यह है कि वैक्सीनेशन के बाद किसी भी बालिका में कोई प्रतिकूल प्रभाव देखने को नहीं मिला। अब ये बेटियां भविष्य में होने वाले कैंसर जैसे गंभीर रोगों से सुरक्षित हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि का श्रेय जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग के मैदानी कार्यकर्ताओं, आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और उन अभिभावकों को जाता है जिन्होंने विज्ञान और स्वास्थ्य पर भरोसा जताया। राजगढ़ मॉडल अब अन्य जिलों के लिए भी एक मिसाल बन गया है।

### 4 हजार का है यह एक ही टीका

आपको बता दें की 14 वर्ष की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने पूरे विश्व में 10 करोड़ से अधिक बालिकाओं को यह टीका लगाया जा चुका है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कम से कम करके इस टीके की कीमत 4000 निर्धारित की लेकिन भारत में यह टीका निश्चित आयु वर्ग की बालिकाओं का निशुल्क लगाया जा रहा है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य विभाग में बने फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र के मामले में बैठी जांच से हड़कंप

## सीएमएचओ ने साधी चुप्पी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर




स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से जारी आठ फर्जी जन्म-प्रमाण पत्र के खुलासे के बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया। हरिभूमि अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद मामले को गंभीरता से देखते हुए जांच बैठा दी गई है, वहीं कई और संदिग्ध प्रकरणों के सामने आने की आशंका जताई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर संबंधित विभाग को कार्रवाई के लिए पत्र जारी कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों में इस मामले को लेकर हलचल तेज हो गई है, लेकिन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) अब तक इस पूरे प्रकरण पर चुप्पी साधे हुए हैं, जिससे सवाल और गहराते जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, फर्जी प्रमाण पत्र बनाने में कुछ कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। जांच के दौरान रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं और संबंधित दस्तावेजों की बारिकी से पड़ताल की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक द्वारा जांच के लिए विशेष दल रवाना किया गया है, जिसने मामले में संदिग्ध ऑपरेटर को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में अहम सुराग मिलने की संभावना जताई जा रही है। अनुमान लगाया जा रहा है कि पूछताछ के दौरान और भी नाम उजागर हो सकते हैं, साथ ही फर्जी जन्म-प्रमाण पत्रों की संख्या में भी इजाफा होने की आशंका है।

गौरतलब है कि यह मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। यदि जांच में और गड़बड़ियां उजागर होती हैं, तो कई जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी कार्रवाई की जद में आ सकते हैं।

### पुलिस ने पूछताछ के लिए इन्हें उठाया

जानकारी के मुताबिक कंप्यूटर ऑपरेटर लखन बैरागी के साथ लोक सेवा केंद्र जीरापुर से तीन चार लोगों को उठाया है, जिसमें एक धतरावदा का है एक मीणा गांव का है एक और अन्य गांव का बताया जा रहा है। फिलहाल तीन लोगों की जानकारी स्पष्ट नहीं की है।

## कृषि उपज मंडी में गेहूं की नीलामी अचानक बंद कर देने पर किसान आक्रोशित हो गए

# कम दाम और डिजिटल पर्ची विवाद से फूटा किसानों में आक्रोश, हाईवे पर लगाया जाम

**व्यापारी बोले: समस्याओं से मंडी सचिव और एसडीएम को अवगत कराया लेकिन समाधान नहीं होने पर नीलामी रोकी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा


विदिशा। सड़क पर बैठकर प्रदर्शन कर रहे किसानों को समझाइश देने पहुंचे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी।

कृषि उपज मंडी में गेहूं की नीलामी अचानक बंद होने से नाराज किसानों ने सोमवार को हंगामा किया। आक्रोशित किसानों ने मंडी के बाहर प्रदर्शन करते हुए चक्काजाम कर दिया और व्यापारियों के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान सड़क पर यातायात बाधित रहा, जिससे आम लोगों को परेशानी हुई।

किसानों का आरोप था कि उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। उनका कहना है कि शनिवार को जो गेहूं 3 हजार रुपए प्रति क्विंटल बिक रहा था, वह सोमवार को 2100 रुपए तक गिर गया।

किसानों ने अचानक नीलामी बंद करने को अन्याय बताते हुए तत्काल नीलामी शुरू करने और उचित दाम दिलाने की मांग की। किसानों के प्रदर्शन की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन किसान अपनी मांगों पर अड़े रहे और मंडी परिसर के बाहर प्रदर्शन जारी रखा। व्यापारियों ने नई मंडी में बुनियादी सुविधाओं और दुकानों की कमी को भी एक बड़ी समस्या बताया। उनका आरोप है कि उन्होंने इन समस्याओं से मंडी सचिव और एसडीएम को पहले ही अवगत कराया था, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ, जिसके कारण उन्हें नीलामी रोकनी पड़ी।

व्यापारियों ने यह भी तर्क दिया कि मिल क्वालिटी गेहूं का बाजार भाव लगभग 2300 रुपए प्रति क्विंटल है, लेकिन परिवहन और अन्य खर्चों के कारण उन्हें कम कीमत पर खरीद करनी पड़ती है। उन्होंने समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी जल्द शुरू करने की भी मांग की।

### डिजिटल पर्ची नहीं अपना पाए सभी व्यापारी

दूसरी ओर व्यापारियों ने नीलामी बंद करने के पीछे अपनी मजबूरियां बताईं। उनका कहना है कि मंडी समिति ने हाल ही में मैन्युअल भुगतान पर्चियों को बंद कर केवल कंप्यूटरीकृत पर्चियों को अनिवार्य कर दिया है। अधिकांश व्यापारी अभी पूरी तरह डिजिटल

### एसडीएम शर्मा ने दिया स्पष्टीकरण

एसडीएम क्षितिज शर्मा ने स्पष्ट किया कि मंडी बोर्ड के निर्देशानुसार कंप्यूटरीकृत पर्चियां अनिवार्य हैं। इस संबंध में व्यापारियों को पहले ही नोटिस जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल स्थिति को देखते हुए अस्थायी रूप से मैन्युअल पर्चियों की अनुमति दी गई है। व्यापारियों को जल्द से जल्द डिजिटल व्यवस्था अपनाने के निर्देश दिए गए हैं।

## साल 2024 में हुई थी घटना

# भाई को जान से मारने का प्रयास करने वाले भाई को 6 साल का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिले के माचलपुर थाना क्षेत्र में वर्ष 2024 में जमीन विवाद के चलते अपने ही भाई को जान से मारने की नीयत से हत्या का प्रयास करने वाले उसी के ही बड़े भाई को राजगढ़ कोर्ट ने 6 साल की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी पर अर्थ दंड भी अधिरोपितपित किया है।

### यह था पूरा मामला

अधिवक्ता विजय सिसोदिया से मिली जानकारी के अनुसार 13 दिसंबर 2024 को गोपाल अपने कार्य से कहीं जा रहा था। इसी दिन उसके बड़े भाई गोपाल बापूलाल ने जमीन के पुराने चले आ रहे हैं विवाद को लेकर उसके सिर पर कुल्हाड़ी मार दी।इस हमले में छोटा भाई गोपाल बुरी तरह लहूलुहानन हो गया। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल गोपाल को तुरंत माचलपुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां से उसे राजगढ़ जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। मामले में माचलपुर पुलिस ने उसे समय आरोपी बापूलाल पर हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए अपराध पंजीबद्ध किया। चालान कोर्ट में प्रस्तुत होने पर तमाम गवाहों एवं सबूत के बिना पर कल 7 अप्रैल को सत्र न्यायाधीश राजगढ़ श्री विजय जी ने आरोपी बापू लाल को 6 साल के सश्रम कारावास से दंडित किया।

### आवास कॉलोनी में मिला 6 माह के नवजात का भ्रूण

जीरापुर(सं)- नगर के आवास कॉलोनी में उस समय सनसनी फैल गई जब उस वार्ड की एक गली में करीब 6 माह की नवजात का भ्रूण पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने सुबह के समय गली से गुजरते हुए उक्त नवजात देखा, जिसके बाद क्षेत्र में हलचल मच गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और भ्रूण को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में यह मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि भ्रूण को यहां किसने और क्यों फेंका। लोगों ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

# पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर तीन लोगों ने किया जानलेवा हमला, तीनों गिरफ्तार

### गंभीर हालत में किया भर्ती

**हरिभूमि न्यूज. सारंगपुर।** नगर के वार्ड 15 स्थित बागकुआ टंकी चैक में सोमवार रात पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर चाकू से तीन लोगों ने मिलकर जानलेवा हमला कर दिया हैं। पुलिस के मुताबिक दीपक प्रजापति और विमल पुष्पद के बीच पुराने विवाद को लेकर कहासुनी हो रही थी। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दीपक के भाई और पिता सहित तीन लोगों ने मिलकर विमल पर चाकुओं से हमला कर दिया। जिसमें विमल पिता कैलाश पुष्पद 25 वर्ष निवासी बागकुआ टंकी चैक, गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से उसे तत्काल एम्बुलेंस द्वारा सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालात गंभीर होने पर इंदौर रेफर किया गया। बताया जा रहा है कि युवक के शरीर पर चाकू के 7-8 गहरे घाव हैं। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी जगदीश पिता रामप्रसाद प्रजापत, दीपक पिता जगदीश और राहुल पिता जगदीश सर्व निवासी सारंगपुर के खिलाफ अपराध क्रमांक 277-बी के तहत धारा 296, 115(2), 3(5) के अंतर्गत मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार लिया है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है।

## गर्मी के चलते स्कूलों के समय बदला शिक्षकों को 1:30 तक रुकना होगा

**विदिशा।** जिले में बढ़ती गर्मी को देखते हुए प्रशासन ने सभी शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त एवं सीबीएसई स्कूलों के संचालन समय में परिवर्तन किया है। जारी निर्देशानुसार कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आगामी आदेश तक स्कूल सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित होंगे। विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। वहीं शैक्षणिक स्टाफ को दोपहर 1:30 बजे तक विद्यालय में उपस्थित रहना अनिवार्य किया गया है।

# सड़क किनारे शराब दुकान का विरोध कर रहे व्यापारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

खरीफाटक मेन रोड पर शराब दुकान खोले जाने के विरोध में प्रदर्शन कर रहे 9 व्यापारियों को सिविल लाइन पुलिस ने रविवार रात गिरफ्तार किया।

बढ़ते विरोध के बाद सिविल लाइन थाने के टीआई आरके मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करते हुए 9 व्यापारियों को हिरासत में लेकर थाने ले गए।



सभी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। रात करीब 9:30 बजे घटना की जानकारी मिलते ही व्यापार महासंघ के महामंत्री नरेंद्र सोनी और उपाध्यक्ष आशीष माहेश्वरी थाने पहुंचे।

महासंघ अध्यक्ष राजेश जैन ने मुंबई में होने के बावजूद मोबाइल पर चर्चा कर सहयोग किया। पदाधिकारियों की मांग पर रात 10:30 बजे एसडीएम कोर्ट में पेशी कराई गई। एसडीएम क्षितिज शर्मा ने विशेष रूप से कोर्ट खुलवाकर रात 11 बजे सभी व्यापारियों को जमानत दे दी।

## पेंशनर्स का जिला स्तरीय सम्मेलन 24 मई को

**जीरापुर।** स्थानीय पेंशनर भवन में पेंशनर संघ की बैठक सोमवार को आयोजित की गई। जिसमें पेंशनर संघ के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य की मौजूदगी में पेंशनर्स जिला सम्मेलन आगामी 24 मई 2026 को आयोजित किए जाने पर सर्वानुमति से निर्णय लिया गया। इसी के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण निर्णय पर चर्चा करते हुए पेंशनरों को हर सुविधा उपलब्ध हो ऐसा तय किया गया। आगामी जिला पेंशनर्स सम्मेलन में स्थानीय पेंशनरों एवं जिले के पेंशनरों को सम्मानित करने को निर्णय लिया। जिला सम्मेलन को लेकर विभिन्न समितियां का गठन भी किया गया। बैठक का संचालन पेंशनर संघ अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद ने करते हुए पेंशनरों की विभिन्न गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा कहा कि पेंशनर के लिए हम हमेशा तत्पर रहते हैं आप जो भी उचित काम हो मुझे बताएं हम सब मिलकर करेंगे। बैठक में नवीन पेंशनर ओमप्रकाश सेन , नरेंद्र मिश्रा , अशोक शर्मा ,हजारीलाल दांगी को सम्मानित किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता ठाकुर मोहन सिंह जमींदार , विशेष अतिथि प्रोफेसर रामबाबू गुप्ता , प्रोफेसर राधावल्लभ गुप्ता ने की। जहां पर प्रमुख रूप से पेंशनर संघ के वरिष्ठ पंडित दिनेश नागर, रमेशचंद्र शर्मा, मांगीलाल अहिरवार , रमेशचंद चैरसिया, गोपाल जमींदार , शिवनारायण मंडलोई , सुरेंद्र गुप्ता सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## गोपालपुरा में गूंजी शिव महापुराण कथा, दूसरे दिन शिव लीला व रुद्राक्ष महिमा वर्णन

# मानव जीवन में कभी भी असत्य का साथ नहीं देना चाहिए, ऐसे लोगों को भगवान शिव कभी माफ नहीं करतेः हरिओम महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

नगर के गोपालपुरा वार्ड 18 स्थित हनुमान मंदिर परिसर में पांच दिवसीय शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन चल रहा है। यह आयोजन 10 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक चलेगा। जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्र से श्रद्धालु कथा श्रवण करने के लिए पहुंच रहे है। कथा दूसरे दिन कथा वाचक पंडित हरिओम महाराज ने भगवान शिव की अद्भुत लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि भगवान शंकर ने ब्रह्मा जी के पांचवें मुख को अपने नाखून से काट दिया था, क्योंकि ब्रह्मा जी ने असत्य का सहारा लिया था। ऐसे में अगर इंसान भी असत्य का साथ देता है, तो वह पाप के भागीदार बनते है, जिन्हे भगवान शिव कभी माफ नहीं करते है। इस प्रसंग के माध्यम से सत्य



के महत्व और अहंकार त्यागने का संदेश दिया गया। इसके साथ ही देवर्षि नारद के मोह का प्रसंग भी सुनाया गया, जिसमें बताया गया कि अहंकार के कारण किस प्रकार नारद जी माया के जाल में फंस गए थे। कथा के माध्यम से जीवन में विनम्रता और भक्ति के महत्व को सरल भाषा में समझाया गया। कथा वाचक ने रुद्राक्ष की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि रुद्राक्ष भगवान शिव के आंसुओं से उत्पन्न माने जाते हैं और अत्यंत पवित्र होते हैं। उन्होंने बताया कि रुद्राक्ष के 12 प्रमुख प्रकार होते हैं, जिनका धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व अलग-अलग है। इन्हें धारण करने से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और मानसिक शांति प्राप्त होती है। कथा के दौरान आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया है। आयोजन स्थल पर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। यह धार्मिक आयोजन न केवल श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान कर रहा है, बल्कि समाज में धर्म, सत्य और सदाचार के प्रति जागरूकता भी बढ़ा रहा है।